## लोकनृत्य प्रशिक्षण शिविर

**छबड़ा।** राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर द्वारा लोकनृत्य चकरी का प्रशिक्षण शिविर चांचौड़ा गांव में रविवार को आयोजित किया जाएगा। अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश ने बताया कि राजस्थान की लोक कलाओं को संरक्षित व प्रोत्साहित करने के ध्येय से नृत्य प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से अंचल के नव कलाकारों को प्रशिक्षित किया जाता है। इसी योजनान्तर्गत चांचौड़ा गांव में 25 जून से 10 जुलाई तक 15 दिवसीय हाडौती के लोक नृत्य चकरी में बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## वार्ता विफल

**मांगरोल** (निसं)। मांगरोल नगर पालिका के सफाई कर्मचारी तीसरे दिन भी कार्य का बहिष्कार कर नगर पालिका के नीचे बैठे रहे। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों के साथ शनिवार की शाम को मांगरोल नगर पालिका सभागार में हुई वार्ता विफल रही, समझौता वार्ता में कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी जितेन्द्र पारस, चेयरमैन कौशल सुमन, कॉन्ठोस नेता डाक्टर एम आई खान, रफीक बाड़ी, वार्ड पार्षद असगर अली, पार्षद अख्तर हुसैन बख्तावर, असफाक शामिल रहे।

# बूंदी स्थापना दिवस पर शहनाई गूंजी

**बूंदी।** 782वें बूंदी स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः की बेला में नागर सागर कुंड पर शहनाई वादन के साथ हुई। ऐतिहासिक चौगान दरवाजे के पास स्थित नागर सागर कुंड पर भारतीय सांस्कृतिक निधि की ओर से शहनाई की समधुर धुनों के साथ ही कार्यक्रमों का सिलसिला बढ़ा।

इसके बाद गढ़ पैलेस स्थित गणेश जी की पंडित विश्वनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार व पंचामृत से स्नान कराकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश चौधरी व राजपरिवार के पूर्व सदस्य वंश वर्धन सिंह ने आरती कर जन कल्याण की कामना की। इस दौरान सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी, पूर्व राजपरिवार सदस्य वंशवर्धन सिंह, बलभद्र सिंह, राजकुमार दाधीच, अशोक शर्मा, पुरुषोत्तम पारीक ,राजेन्द्र भारद्वाज, निरंजन जिंदल, नारायण मंडोवरा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बूंदी स्थापना दिवस के उपलक्ष में हरित बूंदी महाभियान के तहत सर्किट हाउस स्थित बेटी गौरव उद्यान में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर गोस्वामी ने कहा कि बूंदी के स्थापना दिवस पर पौधरोपण कर महाअभियान की शुरुआत की है और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक आ के बाद इस साल पर्यावरण व स्वच्छता के लिए कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस मोहित ,उपवन संरक्षक तरुण मेहरा, सहायक वन संरक्षक संजय शर्मा , रेडक्रॉस सचिव अशोक विजय, विट्ठल सनाढ्य,पृथ्वी सिंह राजावत सहित उपस्थित जन ने पौधे रोपे।

स्थापना दिवस के अवसर पर महारानी कन्या स्कूल में बूंदी के इतिहास पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गयी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर , प्रधानाचार्य कनक शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर ने द्वीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच ने छात्र छात्राओं से बूंदी के इतिहास से सम्बंधित प्रश्न पूछे। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को अतिथियो ने पुरस्कार दिए। संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया।



बूंदी स्थापना दिवस पर राजपरिवार की ओर से पूजन किया गया।

## जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध

**अंता।** पूर्व प्रधान कलावती धाकड, उपप्रधान रेणु गोचर,पंचायत समिति सदस्य विनीता नागर, रिंकू मीणा,सावित्री नागर समेत समस्त महिला शक्ति ने विकास अधिकारी के आज के आरोपों को नकारने वाले बयान पर रोष जताते हुए कहा की हम महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते विकास अधिकारी को बुलाने उनके चैम्बर के बाहर डेढ़ घंटे तक धूप मे खड़े रहे लेकिन विकास अधिकारी ने बात करने से स्पष्ट रूप से अपने कर्मी को भेज कर मना करवा दिया। जयनगर से पंचायत समिति सदस्य विनीता नागर ने कहा की हम भी जनता ने चुन के भेजे हैँ ऐसे मे जनता की बात पुरजोर तरीके से रखना हमारा दायित्व बनता है। हमे नज़रअंदाज़ कर हमारा अपमान किया गया। हम इंतज़ार करते रहे पर विकास अधिकारी ने हमारी बात सुनने से स्पष्ट इंकार कर दिया। यह कैसा शासन है जहाँ नौकरशाही राजशाही पर सवार हो रही है। सभी महिला जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक मांग की है की विकास अधिकारी अपने झूठे खंडन वाले बयान के लिए माफ़ी मांगे अथवा पूरे महिला मंडल द्वारा पंचायत समिति परिसर के ठीक बाहर विकास अधिकारी का पुतला दहन किया जायेगा।

## सार-समाचार

### आंदोलन कार्मिकों की तबीयत खराब

**छबड़ा।** वेतन विसंगति सहित अन्य मांगो को लेकर जेल कार्मिको का चौथे दिन भी अनशन जारी रहा। वहीं भूख हड़ताल पर रहने से ड्यूटी करते समय षनिवार को अचानक 8 जेल प्रहरियों का स्वास्थ्य बिगड़ गया। आनन-फानन में जेल प्रशासन द्वारा आठो कार्मिको को चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां जेल प्रहरियों का उपचार जारी है। उल्लेखनीय है कि वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर विगत 4 दिनों से उपकारागृह के सभी कार्मिको द्वारा भूख हड़ताल कर ड्यूटी की जा रही थी किंतु ड्यूटी पर मौजूद बहादुर सिंह, मनोज कुमार, संत कुमार, विष्णुदत्त, सतविंदर सिंह, रामनरेश, गौतम सिंह व मुकेश सिंह के भूखे होने की वजह से तबीयत बिगड़ गई। यहां से उन्हे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

### परीक्षाओं की तिथि घोषित

**बून्दी।** राजकीय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विषय के सभी नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की बीए अर्थशास्त्र प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि स्नातक तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 1 जुलाई को, द्वितीय वर्ष की 3 जुलाई को व स्नातक प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 5 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे से होगी। परीक्षार्थी अपनी प्रायोगिक फाइल एवं प्रवेश पत्र साथ लेकर आये। वहीं स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा लिखित रूप में भी होगी।

### गहलोत 28 को बूंदी में

**बूंदी।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत 28 जून को बूंदी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री 28 जून को सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से बूंदी पहुंचेंगे। तत्पश्चात बूंदी के पुलिस परेड ठाउंड में महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे।

# अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अवांछित गतिविधियों की रोक के लिए बैठक

**झालावाड़।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों पर अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के संबंध में सीमावर्ती क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के बीच शनिवार को नारायण रिसोर्ट अकलेरा में बैठक हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) झालावाड़ आलोक रंजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार झालावाड़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र खानपुर, झालरापाटन, डग, मनोहरथाना की सीमा से लगते हुए मध्यप्रदेश के जिले राजगढ़, आगर-मालवा, गुना के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन करने का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों को पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं निर्भीकता के साथ सम्पन्न कराने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों पर अवांछित गतिविधियां रोकने, सीमाओं पर मतदान अवधि के दौरान आपराधिक तत्वों के आवागमन की रोकथाम, अवैध मदिरा व अवैध सामठी के विक्रय पर रोक लगाना तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

उन्होंने पावर पॉईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से झालावाड़ जिले की भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती जिलों की सीमा पर चैक पोस्ट, मतदान केन्द्र, पुलिस चौकी, पूर्व विधानसभा चुनावों में पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा सीज की कार्यवाही आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मदिरा, हथियारों एवं अन्य अवैध सामठियों के उत्पादन, संठाहण एवं विक्रय पर पैनी नजर रखनी होगी और उसकी रोकथाम के लिए कार्यवाही करनी होगी। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है। चुनाव के दौरान कोई भी गतिविधि होती है तो उसका प्रभाव दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी सीमावर्ती जिले अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान करें।

इस दौरान राजगढ़ जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) हर्ष दीक्षित ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिए दोनों राज्यों के सीमावर्ती जिलों के पुलिस विभाग के अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी चुनाव तक नियमित रूप से एक-दूसरे से चुनाव संबंधी जानकारियों का आदान-प्रदान आवश्यक रूप से करें। उन्होंने किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर रोक लगाने के लिए दोनों सीमावर्ती क्षेत्रों के जिलों का व्हाट्सएप ठाुप बनाने का सुझाव दिया जिससे तुरंत अवांछित गतिविधि की सूचना का आदान प्रदान हो सके और उसे रोका जा सके। राजगढ़ पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र सिंह ने भी पावर पॉईन्ट प्रेजेन्टेशन की सहायता से चैक पोस्ट, मतदान केन्द्र सहित अन्य संबंधित जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस विभाग के अधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान ध्यान रखी जाने वाली अन्य गतिविधियों के संबंध में विभिन्न सुझाव दिए।

## शारीरिक जांच शिविर शुरू

**छबड़ा।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में सात दिवसीय शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर एवं परामर्श षिविर का षुभारंभ षनिवार को अध्यक्ष कमलेश सोनी की अध्यक्षता में मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सचिव दीपक मेहता ने बताया कि इस शिविर में मात्र एक ब्लड सैंपल से पूरे शरीर की सामान्य एवं विशेष जांच में एक विशेष पैकेज के तहत की जाएंगी। यह शिविर 30 जून 2023 तक प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 11 बजे तक (जाँच सुबह खाली पेट) भाविप चिकित्सालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस पैकेज में करीब 70 प्रकार की जांच में सम्मिलित हैं, जो केवल 1,499 रूपए में की जा रही हैं। इन जांचों में विटामिन की जांच, हार्ट कोलेस्ट्रॉल से संबंधित जांचे, लीवर से संबंधित, किडनी, शुगर और खून की कमी से संबंधित जांचे प्रमुख हैं।

**ब्लड सैंपल तत्काल मुंबई भेजा जाएगा:** थायरोकेयर से आए हुए एक्सपर्ट विकास शर्मा और उनकी टीम ने बताया कि इस जांच (ब्लड सैंपल) को तुरंत मुंबई केयर सेंटर में भेजा जाएगा।

# इंटक कार्य समिति की बैठक



राजस्थान अणु शक्ति ठेका कर्मचारी संघ इंटक कार्य समिति की बैठक आयोजित।

**रावतभाटा।** राजस्थान अणु शक्ति ठेका कर्मचारी संघ इंटक कार्य समिति की बैठक षनिवार को यूनियन के अध्यक्ष डी. पी. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय हाड़ा ने बताया कि बैठक में वर्तमान में दिन-प्रतिदिन राजस्थान परमाणु बिजलीघर की निर्माणाधीन इकाई7व8 के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग की निर्माणाधीन नाभिकीय फ्युलघ कॉप्लेक्स (एनएफसी) के कंपनियों व उनके अधीन कार्यरत ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर विस्तार से चर्चा की ग। वही राजस्थान परमाणु बिजलीघर की इका 1 से 8एवं कालोनी में एमजी ग्रुप के अधीन जल वितरण सिविल विद्युत अनुभाग के सप्ला में काम कर रहे श्रमिकों को न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं करके दिए जा रहे वेतन में से भी प्रति कर्मचारी 2 हजार से 6 हजार रुपए प्रतिमाह अवैध रूप से वसूली की जा रही है। ठेकेदार कंपनी को वर्क आर्डर होने पर जो भी बेरोजगार कंपनी के मुखिया या उसके साइड इंचार्ज से संपर्क करने पर कम से कम 10हजार रूपये से लेकर 15 हजार रूपये तक की अग्रिम वसूली की जा रही है। वही निर्माणाधीन कंपनियों में कार्य करने वाले श्रमिकों को बिना कारण नोटिस देकर कार्य मुक्त कर दिया जाता है।

## ईद शांति पूर्वक मनाने की अपील

**अंता।** अंता थानांतर्गत ईद के त्योहार पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अंता विजय कुमार ,उप जिला कलेक्टर दीपक कुमार महावर तथा थानाधिकारी राम लक्ष्मण गूर्जर ने सीएलजी सदस्यों द्वारा रखे गए सुझावों और विचारों को गंभीरता से लेते हुए समाधान की हर संभव कोशिश कोशिश करने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में पटेल रामेश्वर नागर गोविंद शर्मा ईदगाह सदर मोहम्मद इकबाल मल्लू भाई आफाक भाई भंवरलाल सुमन पलायथा, राधाकिशन नागर बमूलइयआ माता जी महेश सिंघल बूथ मंडल अध्यक्ष कांठोस अंता मुकेश गुप्ता रसूल मोहम्मद पुनीत नंदवाना एडवोकेट ,रामराज बागड़ी पार्षद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। बैठक में सी सी कैमरे रोड लाईट यातायात व्यवस्था कानून व्यवस्था सहित बरसात के मौसम को देखते हुए नालों की विशेष रूप से सफाई करवाने सहित अन्य विषय रखे गए। पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अवांछित तत्वों की धरपकड़ तेज की जायेगी।

# यश शर्मा बने युवा जिलाध्यक्ष

**बारां।** ब्राह्मण कल्याण परिषद की बैठक पुरानी सिविल लाइन में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पीयूष शर्मा थे। बैठक में जिला प्रभारी भगवान शर्मा ने बताया कि बैठक में परिषद द्वारा अगले माह सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए रूपरेखा तय की गई। जिसमें वर्ष 2022-23 में बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, एमबीबीएस, आईआईटी, आरएएस व आईएएस जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विधार्थियों के साथ-साथ सरकारी नौकरी में नियुक्ति व सेवानिवृत कर्मचारियों का भी सम्मान किया जायेगा। बैठक के दौरान संयोजक अनिल तिवारी की अनुशंषा पर बारां नगर अध्यक्ष किशन शर्मा के साथ ही सर्व सहमति युवा जिलाध्यक्ष यश शर्मा, युवा जिला महामंत्री निलाभ पंचोली, युवा नगर अध्यक्ष इशु व्यास गांधी, जिला उपाध्यक्ष मेहुल पंडित व युवा वैदिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा को बनाया गया। इसके बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए एवं माल्यार्पण किया गया।

नगर अध्यक्ष किशन शर्मा ने कार्यकारिणी में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय शर्मा, शिवशंकर चतुर्वेदी (सेवानिवृत रोडवेज ), भारत शर्मा एवरठीन महिंद्रा के बीएम राजेंद्र शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा पप्पू राणा को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। जबकि प्रमुख महामंत्री मुकेश शर्मा क्वांटम, महामंत्री महेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित भार्गव, आशीष शर्मा छोटू, अनिल शर्मा, मितेश शर्मा, त्रिलोक गौतम, उपाध्यक्ष बजरंग फार्मा के राजेश शर्मा, दिवाकर शर्मा, श्रीजी मंदिर के आदित्य शर्मा, नवल शर्मा बमूलिया व संजय तिवारी, मंत्री महेंद्र तिवारी, अनिल शर्मा, मनोज शर्मा लिया गया है।

## भाजपा का सम्मेलन आज

**बूंदी।** भारतीय जनता पार्टी का प्रबुद्धजन जिला सम्मेलन रविवार को बूंदी बाईपास स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में शाम को 4 बजे आयोजित किया जायेगा। भाजपा जिला प्रवक्ता अनिल जैन तालेड़ा ने बताया कि जिला सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी और भाजपा कोटा संभाग के प्रभारी दामोदर अठावाल होगे। कार्यक्रम के संयोजक विधायक अशोक डोगरा, जिलाध्यक्ष छितर लाल राणा, सहसंयोजक सुरेश अठावाल ने बताया की 25 जून 1975 को देश में लगाए गए आपातकाल का काला दिवस भी है। सम्मेलन में मीसा बंदियों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता राजस्थान के प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिले सभी प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ जन, पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, पार्षद मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# बूंदी दाधीच समाज की मीटिंग आज

**बूंदी।** जिले के दाधीच समाज द्वारा मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है जो आज रविवार दोपहर 3:30 बजे दधिमती वाटिका महर्षि दधीचि मंदिर पुरानी बाईपास प्रांगण में रखी गई है। समाज के सचिव महोदय राजेश बना ने बताया की तीन बिंदुओं पर चर्चा करना तय हुआ है (1) पिछली आमसभा में हिसाब को लेकर जो जांच समिति गठित की गई थी उसने अपनी जांच जांच समिति द्वारा रिपोर्ट बन्द लिफाफे में समाज को सोफ दी है उसको समाज के सामने खोल कर पढ्ढा जावेगा और उस पर चर्चा होगी (2) समाज के ही कुछ लोगो द्वारा समाज के खिलाफ जो निंदनीय कार्य किया गया उस पर समाज के बन्धुओं पर विचार सुने जावेगे और उन पर चर्चा की जावेगी साथ ही समय बचा तो मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व निर्माण दोनों का हिसाब समाज के सामने रखा जायेगा। दाधीच समाज के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार दाधीच लक्ष्मीपुरा ने समाज बन्धुओं से अपील की है कि पिछले दिनों की घटनाओं ने समाज के बुद्धि जीवियो को झकझोर के रख दिया। समाज के ही कुछ लोगों ने समाज के साथ किए कृत्य को लेकर कहा की ऐसा कृत्य मैने भी पहली बार ही देखा है जहा बाढ़ ही खेत को खा रही है और चापलूस लोग परदे के पीछे से तमाशा देखते रहे। जिलाध्यक्ष ने सभी समाज बंधुओं से बार-बार अपील कर निवेदन किया कि इस कृत्य के मामले में खुलकर मीटिंग में अपने विचार व्यक्त करें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जो भी निर्णय हो उसमे शामिल हो।

महिला मण्डल से भी निवेदन करते हुवे कहा की अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मीटिंग को सफल बनावे।

## आवारा बैल का आतंक

**बूंदी।** पुरानी शहर के कागदी देवरा - मल्लाशाह के मंदिर क्षेत्र के निवासी आवारा बैल के आतंक के खासे परेशान रहे। शनिवार को कागदी देवरा - मल्लाशाह के मंदिर क्षेत्र में आवारा बैल के आतंक के चलते आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय निवासी दिनेश रूप सोनी ने बताया की शनिवार सुबह जब वह घर से बाहर निकले तो आवारा बैल ने उन पर हमला कर दिया। गौवंश के हमले से हाथ और पैर में खरोंच आई। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे शैलेन्द्र गुजराती और राजीव श्रृंगी को भी बैल ने सिर से वार कर जमीन पर गिरा दिया। हो हल्ला होने पर मोहल्ले वालो ने डंडे फटकार बैल को भगाया। इसी दौरान इस बैल ने क्षेत्र में निवास करने वाली अन्य 4 महिलाओं को भी चोट पहुंचाई। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद बालकिशन सोनी, कल्पना सेन मौके पर पहुंच कर नगर परिषद में सूचना दी। नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने पर क्षेत्रवासियों ने गोपाल गौ सेवा संस्थान को सूचित किया।

# जन चेतना रैली निकाली

**बूंदी।** जिले में रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को शहर में जनचेतना रैली निकाली गई जिसे जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी जिसमे तख्तियों के जरिये पोलियो ड्रॉप पिलाने के सन्देश देकर आमजन को प्रेरित किया। रैली में शामिल सभी लोगों को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत शपथ भी दिलाई। रैली रोटरी क्लब एवम अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से निकाली गई। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया कि पहले दिन यानी रविवार को बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, वहीं आगामी दो दिन सोमवार व मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएंगी। रविवार को जिलास्तर पर नौनिहालों को दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसी क्रम में आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए शनिवार को जिलास्तर सहित सभी ब्लॉकों व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर माइकिंग कर रैली निकाली गई।

आरसीएचओ डॉ. पी सी मीणा ने बताया कि जिले में पोलियो दवा पिलाई जाने वाले पांच वर्ष तक के लक्षित बच्चों की संख्या 1 लाख 87 हजार 5 सौ 89 हैं, जिन्हें शत प्रतिशत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग की ओर से सभी गांव व ढाणियों सहित शहरी क्षेत्रों को माइक्रोप्लान में शामिल किया गया है। वहीं ईंट भटड्डटे और अन्य हाई रिस्क क्षेत्र भी चिन्हित किए गए हैं ताकि कोई भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे। आरसीएचओ डॉ पी सी मीणा ने बताया कि विभाग की ओर से पहले दिन के लिए यानि पोलियो रविवार को 741 बूथ स्थापित किए गए हैं, जबकि 13 मोबाइल और 14 ट्रांजिट टीम भी कार्य करेंगे। इसके बाद सोमवार व मंगलवार को डोर टू डोर दवा पिलाने के लिए टीमें रहेंगी। वहीं पहले दिन की तरह दोनों दिन 13 मोबाइल और 14 ट्रांजिट टीम भी कार्य करेंगे। हाई रिस्क श्रेणी में विशेष गतिविधियां आयोजित होंगी।

## राहत कैंप में पंजीकरण हुए

**बूंदी।** आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए आयोजित किए जा रहे महंगाई राहत कैंपों को जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि महंगाई राहत कैम्पों में शनिवार को जिले में 2 हजार 661 लाभार्थियों ने पंजीयन करवाया। जिले के निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए राहत कैंप लगाकर राज्य सरकार महंगाई में मददगार साबित हो रहे है। राहत कैंपों में आमजन को महंगाई से बडी राहत मिल रही है।आज यहाँ आयोजित होंगे महंगाई राहत कैंप

राज्य सरकार द्वारा आमजन को महंगाई से राहत दिलाने तथा ठाामीणों एवं शहरी क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिले के ठाामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर महंगाई राहत कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 26 से 27 जून को नगर परिषद बूंदी के वार्ड नम्बर 44,45 के लिए शिव मंदिर जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड , लाखेरी नगरपालिका में 26 व 27 जून को वार्ड नम्बर 34 के लिए सामुदायिक भवन महादेव जी की टेक, कापरेन नगरपालिका में 26 व 27 जून को वार्ड नम्बर 23 व 25 के लिए सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल कापरेन में राहत कैंप लगाया जायेगा।

# बाइक चोर गिरफ्तार



छबडा पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

**छबड़ा।** छबडा पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी कब्जे से चोरी गई बाईक जब्त करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस द्वारा आरोपी से अन्य चोरियो के बारे में पूछताछ जारी है। सीआई छुट्टनलाल मीणा ने बताया कि 17 मई को पीडब्ल्यूडी छबड़ा में सहायक के पद पर कार्यरत कुलदीप राजपूत की मोटर साईकिल कार्यालय परिसर से चोरी हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबीर की सूचना के आधार पर कंकरवा निवासी भोजराज मीणा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त कर ली हैं।

छबडा पुलिस ने उपखंड कार्यालय से एसी चुराने के मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया हैं। सीआई छुट्टनलाल मीणा ने बताया कि 13 जून को उपखंड कार्यालय में तैनात होमगार्ड चंपालाल बैरवा ने रिपोर्ट दी थी कि कार्यालय का एक एसी चोरी हो गया और तीन एसी टूटी-फूटी हालत में नीचे पड़े हुए हैं।

## दृश्य चित्र का अनावरण

**बूंदी, 24 जून।** बूंदी राज्य का राजवंश वृक्ष के सादृश्य चित्र का शनिवार को जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में महाराव राजा वंश वर्धन सिंह ने पुरातत्व विभाग के प्रभारी जगदीश वर्मा को संठाहालय में स्थापित करने हेतु भेंट की गई।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने बून्दी रियासत राजवंश वृक्ष के सादृश्य चित्र का अनावरण किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि बूंदी की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने पर जोर देते हुए कहा की बूंदी में पुरातत्व की दृष्टि से और ऐतिहासिक काफी संसाधन जिनको देखने देश और विदेश से काफी पर्यटक आते हैं और यदि हम इन सब को सही प्रकार से प्रस्तुत करें तो आने वाले समय में पर्यटकों की संख्या और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने राज्य वंश वृक्ष म्यूजियम में स्थापना से लोगों को यहां के इतिहास के बारे में और अधिक सही जानकारी मिल पाएगी। इस मौके पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह ने अपने उद्बोधन में बूंदी की सालगिरह की बूंदी की जनता को बधाई दी और कहा कि हम सब मिलकर हमारी विरासत को और अधिक संपन्न बनाएं।

# रैली के पोस्टर का विमोचन हुआ

**बूंदी।** साडे 4 साल लगातार जनता को परेशान और त्रस्त करने वाली प्रदेश कांठोस सरकार आचार संहिता लगने के साडे 3 महीने पहले जनता के बीच भ्रम जाल फैलाने के उद्देश्य से महंगाई राहत योजना के नाम से शिविर लगाकर सत्ता का रास्ता खोजने की असफल कोशिश कर रही है किंतु जो साडे 4 साल विभिन्न फ्यूल चार्ज के नाम पर बिजली की दरें प्रदेश में सबसे महंगा पेट्रोल सरकारी भ्रष्टाचार युवाओं के सपने तोड़ने वाला पेपर लीक महिलाओं पर आए दिन अत्याचार सहित प्रदेश में कुशासन को जनता देख चुकी है और वह किसी भ्रम जाल में फंसने वाली नहीं है जनता प्रदेश में कांठोसी सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठी है। यह विचार शनिवार को बूंदी में भाजपा की महारैली मैं कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक भागीदारी के उद्देश्य से आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कही। पूर्व विधायक गुंजल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन हितेषी योजनाओं को लेकर उनके सफल 9 वर्षीय कार्यकाल के प्रति उत्साहित है वही प्रदेश में साडे 4 साल से सत्तारूढ़ कांठोस सरकार के नकारा कार्यकाल से परेशान और तरफ से इसी को लेकर कोटा में भाजपा की आयोजित महारैली में एक लाख से अधिक कोटा बूंदी के कार्यकर्ता ओने आने का मन बनाया है और प्रदेश से कांठोस की सत्ता को उखाड़ फेंकने का शंखनाद किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रुपेश शर्मा ने कहा कि गत चुनाव में प्रदेश सरकार ने किसान कर्ज माफी से लेकर बेरोजगार युवाओं को झूठे सपने दिखाए अनेक लुभावने वादे किए उससे सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई प्रदेश में सत्तारूढ़ सरकार पर यह आरोप लगाते हुए भाजपा नेता शर्मा ने कहा कि सरकार ने पूरे 5 साल बिजली की दरें किसी भी प्रकार से नहीं बनाने का वायदा किया था किंतु 6 बार विभिन्न सर चार्ज के नाम पर दरें बढ़ाई गई बूंदी की शहरी और ठाामीण सड़कें जिस प्रकार से गड्ढा युक्त और टूटी हुई है यह किसी से छिपी नहीं है लगातार साडे 4 साल से जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर इसके लिए आवाज उठा रही है परंतु सरकार झूठी बजट घोषणा है उद्घाटन और शिलान्यास में व्यस्त है लेकिन सड़कें बनाने का नाम नहीं ले रही जिससे आमजन में गुस्सा चरम पर है और राज्य में पहली बार साडे 4 साल में बूंदी जिला मुख्यालय और बूंदी विधानसभा क्षेत्र के देहात एरिया की विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर जो घोर उपेक्षा हुई है उससे आमजन काफी निराश हुआ है इसे लेकर भी भाजपा कार्यकर्ता आगे आने वाले समय में जनता के साथ जनता के पास जाएंगे और कांठोस से अपने कार्यकाल का विकास कार्यों को लेकर हिसाब मांगा जाएगा। महारैली की तैयारी बैठक में बूंदी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शायरी हिस्से से आए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की गई और भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने बैठक में विश्वास दिलाया की बूंदी विधानसभा क्षेत्र से कोटा में आयोजित भाजपा महारैली में 10,000 से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष भाजपा नेता भगवान लाडला ने कहा कि बूंदी विधानसभा क्षेत्र की सड़कें नारी तंत्र शिक्षा पर्यटन स्वास्थ्य सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर घोर उपेक्षा की गई है यहां का आमजन त्रस्त है और कांठोस के जनपद जी गली नाली पठान के छोटे-छोटे टुकड़ों का शिलान्यास और पूजा करने में व्यस्त हैं यह राजनीति का अवमूल्यन है।

## शिविर का समापन हुआ

**बून्दी।** श्री गणेश व्यायाम शाला में आयोजित 15 दिवसीय शिविरयोग व्यायाम, शस्त्र रोप, मलखंब शिविर का समापन अखाड़े के संस्थापक हुकुम चंद शर्मा लाड़जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। 15 दिवसीय शिविर में श्री गणेश व्यामशाला के प्रशिक्षक दिनेश, प्रियांशु सिंह तथा भंवर सिंह ने बालक बालिकाओं को लाठी, तलवार चलाना, भाला चलाना, रस्सी पर लटककर मलखंब प्रदर्शन करना, योग-प्राणायाम, साफा बांधना, रुद्राष्काम, हनुमान चालीसा पाठ सहित विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह में प्रशिक्षित 70 बालक बालिकाओं ने सीखे गए कौशल का प्रदर्शन भी किया गया कार्यक्रम में प्रशिक्षक दिनेश का तलवार भेंटकर सम्मान किया गया। संचालन पूर्व पार्षद राजेश शेरगाड़िया ने किया। अखाड़े के अध्यक्ष मनीष सिसोदिया ने सभी का सहयोग करने वाले लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर गणेश व्यायाम शाला के अध्यक्ष मनीष सिंह सिसोदिया,विजय नारायण, कारण शंकर सैनी, गोपाल शर्मा, नेमीचंद उत्कर्ष चैहान रणजीत शर्मा, बिल्लू श्रृंगी, मानमल टीकम शास्त्री व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।